सेंट मारग्रेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल

सैंपल पेपर

वार्षिक परीक्षा 24-25

विषय– हिंदी

कक्षा- 5

नाम: ___________________________ **रोल नo: ________**

समय: 1.5 घंटे **अंक: 40**

निर्देश - सभी प्रशन अनिवार्य है।

(अपठित बोध)

प्र1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए: - **1X5=5**

जौनपुर नामक गाँव में राजू नाम का एक माली रहता था । वह अपनी रोज़ की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए माला बनाकर अपने गाँव के मंदिर में बेचने के लिए ले जाता था। जिस दिन पाठशाला की छुट्टी होती, उसकी बेटी नमिता भी उसके साथ मालाएँ बेचने जाती थी। जब नमिता थोड़ी बड़ी हुई तो वह भी मालाएँ बनाने लगी। अब पिता-पुत्री गाँव के अलग- अलग मंदिरों में अपनी बनी हुई मालाएँ बेचने जाते थे। राजू की माला जहाँ पचास रुपए में बिकती, वहीं नमिता की माला तीस रुपए में ही बिकती थी। कुछ सालों में अभ्यास करते-करते वह बहुत सुन्दर मालाएँ बनाने लग गई। अब उसकी मालाएँ सौ रुपए में भी बिकने लगी।एक दिन उसने अपने पिता से कहा, "मैं तो इतनी सुंदर मालाएँ बनाती हूँ कि वे अब आप की मालाओं से भी लगभग दुगने दाम में बिक जाती है। यह देखकर राजू ने उसे समझाया कि घमंड करना अच्छी बात नहीं है। यह मत भूलो कि मैंने ही तुम्हें माला बनाना सिखाया है। नमिता को अपनी गलती का एहसास हुआ। नमिता ने पिता से माफ़ी माँगी और कभी घमंड न करने का वादा किया।

1. **राजू माला बेचने कहाँ जाता था ?**

   क) शहर में ख) गाँव के मंदिर में ग) घर-घर घ) दूसरे गाँव में

2. **पहले नमिता की माला कितने रुपये में बिकती थी ?**

   क) सौ ख) चालीस ग) पचास घ) तीस

3. **राजू अपनी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए क्या बनाकर बेचता था ?**

   क) माला ख) ताला ग) भाला घ) जाला

4. **राजू के गाँव का नाम क्या था ?**
5. **किस वाक्य से पता चलता है कि नमिता को घमंड हो गया ?**

(व्याकरण)

प्र.2 निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए: - **1X7=7**

क) सही क्रिया से शब्द वाक्य पूरा कीजिए: **बच्चों ने बगीचे में पौधा ___________ था।**

i) पहनाया ii) बनवाया iii) समझाया iv) लगाया

ख) काल के __________ भेद हैं?

i) 2 ii) 4 iii) 3 iv) 5

ग) "माँ खाना पका रही हैं।" – वाक्य में कौन-सा काल है?

i) वर्तमानकाल ii) भूतकाल iii) भविष्यकाल iv) कोई भी नहीं

घ) एक से अधिक अर्थ देने वाले शब्दों को____________________कहते हैं। -

i) पर्यायवाची शब्द ii) अनेकार्थक शब्द iii) विलोम शब्द iv) समानार्थी शब्द

ङ) निम्नलिखित में से किस मुहावरे का अर्थ **"भाग जाना"** है?

i) दाँत दिखाना ii) आँखों का तारा iii) चूड़ियाँ पहनना iv) नौ-दो ग्यारह होना

च) मुहावरे किसी शब्द समूह का __________ अर्थ प्रकट करते है।

i) सामान्य ii) सीधा iii) विशेष iv) मुख्य

छ) "अंगूठा दिखाना" मुहावरे का सही अर्थ चुनिए: -

i) साफ़ मना करना ii) प्रशंसा करना iii) शाबाशी देना iv) सहायता करना

प्र.3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए: - 1X3=3

क) जो काम वर्तमान समय में हो रहा हो, उसे क्या कहते हैं?

ख) जिस शब्द से किसी काम के करने या होने का पता चले उसे क्या कहते हैं?

ग) क्रिया (काम) के होने या घटने के समय को ______ कहते हैं।

(साहित्य)

प्र.4 पठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए: - 1X5=5

जब बहुत सुबह चिड़ियाँ उठकर

कुछ गीत ख़ुशी के गाती हैं।

कलियाँ दरवाज़े खोल-खोल

जब बगिया में मुस्काती हैं।

क) प्रस्तुत काव्यांश किस कविता से लिया गया है?

ख) प्रस्तुत काव्यांश के रचयिता कौन है?

ग) सुबह चिड़ियाँ उठकर क्या गाती है?

i) प्रीत   ii) रीत   iii) जीत   iv) गीत

घ) दरवाज़े खोल बगिया में क्या मुस्काती है?

i) कलियाँ   ii) हरियाली   iii) बूँदे   iv) बिजली

ङ) बगिया शब्द का सही अर्थ चुनिए: -

i) वन   ii) हवा   iii) बगीचा   iv) हरियाली

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अंक के अनुसार दीजिए: -

क) आधुनिक मोबाइल फोन के आविष्कारक कौन थे? मोबाइल फोन को किस बात का दुख था? 2

ख) सूर्य-पोंगल के दिन क्या होता हैं? 2

ग) शुतुरमुर्ग अपने बच्चों को कैसे पालते -पोसते है? 3

घ) नर और मादा शुतुरमुर्ग को कैसे पहचाना जा सकता हैं? 3

प्र.6 क) शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए (कोई दो) : - 1X2=2

क) दोषी

ख) श्रवण

ग) आस्था

ख) शब्दों के अर्थ लिखिए: - 1

चहल-पहल या बालू

प्र.7 पोंगल __________ का प्रसिद्ध त्यौहार है | 1

प्र.8 किसने कहा? किससे कहा? 1

एक बार हेमंत से वीडियो चैट कर लु , फिर होमवर्क कर लूँगा |

(लेखन)

प्र.9 अपनी प्रधानाचार्या जी को चार दिन के अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए।: - 5

या

'वृक्षों के लाभ' के बारे में 80 से 85 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए |